CCE-III-RR/PR/PF/NSR/NSPR(A)/111/7111

**A**

**ಆಗಸ್ಟ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ-3**

**AUGUST 2024 EXAMINATION-3**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]

Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]

Total No. of Questions : 38 ]

**CCE RR/PR/PF/ NSR/NSPR FULL SYLLABUS**

Question Paper Serial No.

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. / ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**( Regular Repeater / Private Repeater / Private Fresh / NSR / NSPR )**

ದಿನಾಂಕ : 03. 08. 2024 ] [ Date : 03. 08. 2024

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

**Cut here** / ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर का अनुसरण करें)। प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**

प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**03. 08. 2024**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'सदाचार' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) आचार (B) दुराचार

   (C) विचार (D) उपचार

2. 'पंडिताइन' शब्द का पुल्लिंग रूप है –

   (A) विदुषि (B) मूर्ख

   (C) पंडिता (D) पंडित

3. निम्नलिखित में से एकवचन शब्द है –

   (A) पैसा (B) कपड़े

   (C) पत्ते (D) परदे

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) सुनना (B) सुनाना

   (C) अनसुना (D) सुन

5. 'प्रत्युपकार' शब्द में संधि है –

(A) गुण (B) यण्

(C) वृद्धि (D) अयादि

6. 'पंचवटी' शब्द में समास है –

(A) द्वंद्व (B) तत्पुरुष

(C) कर्मधारय (D) द्विगु

7. इंटरनेट ............ मतलब क्या है ?

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) का (B) को

(C) में (D) ने

8. एक छलनी में तुम्हें क्या बचेगा ?

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) विस्मयादिबोधक (B) अल्पविराम

(C) पूर्ण विराम (D) प्रश्नवाचक

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 × 1 = 4**

9. जोहरा : जलालुद्दीन : : आशियम्मा : .................

10. बसंत की सच्चाई : एकांकी : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ....................

11. कर्नल : खुल्लर : : रज्जु नेता : ...........

12. भोला-भाला : कृष्ण : : चुगलखोर : ..................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. रोज एक सेब खाने से किनकी जरूरत नहीं होगी ?

14. लेखक पहनने के कपड़े कहाँ दबाकर सोये ?

15. आधुनिक मनुष्य ने किस पर विजय पायी है ?

16. हंस का गुण कैसा होता है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. दूकानदार ने सेब का वर्णन कैसे किया ?

18. आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या–क्या देती थीं ?

19. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?

20. पाँच हजार रुपये मिलने पर मोहन क्या कहता है ?

21. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

22. बालकृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज है ?

23. शनि ग्रह को 'शनैश्चर' क्यों कहते हैं ?

**अथवा**

शनि ग्रह एक ठंडा ग्रह है । क्यों ?

24. सत्य की शक्ति के बारे में गाँधीजी का कथन क्या है ?

**अथवा**

अकुल ने मीना मैडम से क्या कहा ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. गिल्लू के अंतिम दिन का वर्णन कीजिए ।

26. बसंत एक स्वाभिमानी लड़का है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

27. रोबोनिल और रोबोदीप के बीच दोस्ती कैसे हुई ? बताइए ।

28. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या संदेश मिलता है ? बताइए ।

29. 'बेंगलूरु' एक विश्वप्रसिद्ध शहर है । कैसे ? वर्णन कीजिए ।

30. मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

31. 'समय अनमोल है ।' – कैसे ? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक में कावेरी, कृष्णा, तुंगभद्रा आदि अनेक नदियाँ बहती हैं । इन नदियों पर बाँध बनाये गये हैं । इनसे हज़ारों एकड़ ज़मीन सींची जाती है ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छ: वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. 'इंटरनेट एक वरदान है ।' कैसे ? सोदाहरण समझाइए ।

**अथवा**

'सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है ।' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ............................

.......................................

.......................................

............................ भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1 × 4 = 4**

36. सामान्यतया मानव की दो प्रवृत्तियाँ होती हैं – स्वार्थ और परमार्थ । हम अधिकतर कार्य अपने लिए करते हैं । निःस्वार्थी मनुष्य समाज के कल्याण के लिए संपत्ति का संचयन करता है । वृक्ष अपने लिए नहीं परहित के लिए फल धारण करते हैं । नदी दूसरों के लिए बहती है । प्रकृति हमें निरंतर परोपकार का

संदेश देती है । अतः परोपकार को ही अपना कर्त्तव्य समझना चाहिए ।

परोपकारी मनुष्य सदा प्रसन्न रहता है ।

(अ) मानव की प्रवृत्तियाँ कौन–सी हैं ?

(आ) निःस्वार्थी मनुष्य संपत्ति का संचयन क्यों करते हैं ?

(इ) वृक्ष किसके लिए फल धारण करते हैं ?

(ई) प्रकृति हमें क्या संदेश देती है ?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

37. (क) **पर्यावरण की रक्षा**

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ पर्यावरण का महत्व
* ✳ प्रदूषण के कारण तथा परिणाम
* ✳ परिहारोपाय
* ✳ उपसंहार ।

(ख) **नागरिक के कर्तव्य**

✳ प्रस्तावना

✳ विषय प्रवेश

✳ नागरिक कर्तव्य और उनका महत्व

✳ उपसंहार ।

(ग) **जनसंख्या समस्या**

✳ प्रस्तावना

✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण

✳ जनसंख्या समस्या का परिणाम

✳ परिहारोपाय

✳ उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE